प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 23.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड के 48 नगर निकायों में सुबह 7 बजे से मतदान जारी, निर्भीक और शांतिपूर्ण वोटिंग के लिए कड़ी सुरक्षा, 27 फरवरी को आएंगे नतीजे।**

2. **राज्य भर में बनाए गए चार हजार तीन सौ सात मतदान केन्द्र, छह हजार एक सौ 24 प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य का होगा फैसला।**

3. **हजारीबाग में हाथी हमले के मृतकों के परिजनों को मिला मुआवजा, सीमावर्ती क्षेत्र में हाथियों की सक्रियता की सूचना , वनविभाग ने की सतर्क रहने की अपील।**

4. **राज्य में आज कई जगहों पर हल्की बारिश की संभावना, मौसम विभाग का अगले तीन दिनों तक बादल छाने का पूर्वानुमान।**
5. **रांची में आज 83वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप का होगा समापन।**

****

झारखंड के 48 नगर निकायों में आज सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है । शाम पांच बजे तक वोटिंग होगी। निर्भीक और शांतिपूर्ण वोटिंग के लिए कड़ी सुरक्षा की गई है। 27 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि कुल चार हजार तीन सौ सात मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

इधर जमशेदपुर में निकाय चुनाव के तहत मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद और चाकुलिया नगर पंचायत में सुबह 7 बजे से ही मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतार लगी हुई है । विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे जमशेदपुर संवाददाता

पाकुड़ में भी मतदाता पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में भाग ले रहे हैं । अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता

इधर रांची, धनबाद, देवघर में भी नगर सरकार चुनने के लिए मतदाताओं की लंबी कतार मतदान केंद्र में देखने को मिल रही है।

****

लोहरदगा नगर परिषद चुनाव के लिए मतदान अपने निर्धारित समय पर शुरू हो गया। नगर परिषद चुनाव के लिए लोहरदगा शहर में कुल 46 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां अध्यक्ष पद के 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। विभिन्न मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की भारी भीड़ देखी जा रही है

****

राज्य के सभी शहरी निकायों में नगर की सरकार के लिए कुल छह हजार एक सौ चौबीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें मेयर और अध्यक्ष पद के लिए पांच सौ बासठ उम्मीदवार के साथ पांच हजार पांच सौ बासठ वार्ड पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं । इस बार राज्य में **नौ नगर निगम, बीस नगर परिशद और 19 नगर पंचायतों में चुनाव हो रहा है।** मेयर और अध्यक्ष पद के 48 पदों तथा वार्ड पार्षदों के एक हजार बयालीस पदो के लिए वोट डाले जा रहे हैं । वहीं 41 वार्ड पार्षद निर्विरोध चुने जा चुके हैं ।

****

निकाय चुनाव में इस बार बैलेट पेपर से चुनाव हो रहा है । मतदाताओं को दो अलग–अलग रंग के बैलेट पेपर मिलेंगे। गुलाबी बैलेट पेपर मेयर या अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के लिए होगा, जबकि सफेद बैलेट पेपर पार्षद

प्रत्याशियों के लिए है. मतदाताओं को अपना वोट देकर दोनों ही मतपत्र एक ही मतपेटी में डालना होगा। वहीं चुनाव में गड़बड़ी होने पर आम नागरिक राज्य निर्वाचन आयोग को अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं. फोन नंबर 8987791131 और 8987791132 पर संपर्क कर सूचना दी जा सकती है. आयोग के इमेल आइडी पर भी शिकायत भेजी जा सकती है.

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट भविष्य में विश्व स्तर पर एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बताया कि समिट के लिए नई दिल्ली में कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवप्रवर्तक और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एकत्र हुए। श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने इंडिया एआई प्रदर्शनी में विश्व नेताओं को कई वस्तुएं दिखाईं।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को रमज़ान और आगामी होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को भी दोहराया।

****

हजारीबाग के आंगो थाना क्षेत्र स्थित गोंदवार गांव में जंगली हाथियों के हमले में छह ग्रामीणों की मौत मामले में मृतकों के आश्रितों को नियमानुसार वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई । इस दौरान मांडू विधायक निर्मल महतो, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास कुमार उज्जवल मौजूद रहे। वहीं ग्रामीणों के बीच सुरक्षा सामग्री का वितरण किया गया.। जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में हाथियों की सक्रियता की सूचना मिलने पर डीएफओ ने आम लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

****

रांची समेत राज्य के कई जिलों में आज बादल छाए रह सकते हैं। इस दौरान राज्य में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया गया है।मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के दक्षिण–पश्चिमी भाग समेत कई हिस्सों में अगले तीन दिन बादल छाये रहने का पूर्वानुमान है।

****

रांची के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले जा रही 83वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चौंपियनशिप का आज समापन होगा। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता की मेजबानी इस वर्ष रांची रेल मंडल कर रहा है। प्रतियोगिता में देशभर के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने नगर निकाय चुनाव के मतदान की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर के शब्द हैं– आज शहर की सरकार पर लगायें मुहर।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – भारत – अमेरिका ट्रेड डील पर आज की अहम बैठक टली।

हिन्दुस्तान लिखता है– धोनी इस बार भी आईपीएल में मचाएंगे धमाल।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – आईए, चुनते हैं अपने नगर की सरकार।